**मुख्य समाचार :–**

- सर्वोच्च न्यायालय ने सभी उच्च न्यायालयों को फैसले सुरक्षित रखने के तीन महीने के भीतर उसे सुनाने का निर्देश दिया।
- शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का परीक्षा माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई और योग्य छात्रों के हितों की सुरक्षा का आश्वासन।
- मुख्य सचिव ने खाद्य सामग्री, डीजल–पेट्रोल, एलपीजी व अन्य आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं की उपलब्धता और मूल्य स्थिति पर सतत् निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं।
- विश्व प्रसिद्ध कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व और नैनीताल जिले के सभी वन प्रभागों में हाथियों की गणना का कार्य जारी।

सर्वोच्च न्यायालय
सर्वोच्च न्यायालय ने आज देश के सभी उच्च न्यायालयों को फैसले सुरक्षित रखने के तीन महीने के भीतर उसे सुनाने के निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने कहा कि फैसलों में देरी से याचिकाकर्ताओं को अपूरणीय क्षति हो सकती है।

शिक्षा मंत्री
शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि पेपर लीक की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। डीडी न्यूज़ को दिए एक विशेष साक्षात्कार में श्री प्रधान ने आश्वासन दिया कि पुनर्परीक्षा प्रक्रिया उचित और व्यवस्थित तरीके से बिना किसी त्रुटि के संपन्न की जाएगी। श्री प्रधान ने आश्वासन दिया कि परीक्षा प्रक्रिया को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच त्रुटि रहित परीक्षा आयोजित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। परीक्षा प्रक्रिया में भविष्य में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए उठाए जा रहे ठोस कदमों के बारे में बात करते हुए श्री प्रधान ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो सीबीआई इस मामले की पूरी जांच करे और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के उत्तराखंड दौरे का आज दूसरा दिन है। सुबह से ही बैठकों का दौर जारी है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की पहली बैठक विधायकों और सांसदों के साथ हुई। बैठक में सभी विधायकों और सांसदों को आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर तैयार रहने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही उन्होंने विधायकों के कामकाज की समीक्षा भी की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी विधायकों सांसदों को अपने–अपने क्षेत्र से 100 बुद्धिजीवियों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही पिछले चुनाव में हारी हुई सीटों पर सांसदों को विशेष फोकस करने को कहा गया है।

वन्य जीव गणना
विश्व प्रसिद्ध कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व और नैनीताल जिले के सभी वन प्रभागों में हाथियों की गणना का कार्य गतिमान है। वही जिम कॉर्बेट पार्क गणना का अभियान 30 मई तक जारी रहेगा। वन विभाग के 150 से अधिक कर्मचारी और विशेषज्ञ गणना का कार्य कर रहे हैं। अपर प्रमुख वन संरक्षक वन्य जीव विवेक पांडे ने बताया कि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में बाघों के साथ–साथ हाथियों की भी नियमित गणना कराई जाती है। इस बार हाथियों की गणना वैज्ञानिक तरीके से की जा रही है। इसके लिए भारतीय वन्य जीव संस्थान का सहयोग लिया जा रहा है। हर रेंज में अलग–अलग टीमें बनाई गई हैं, जिनमें वन कर्मियों के साथ

डब्लयूआईआई के शोधकर्ता भी शामिल हैं, ये टीमें हाथियों की गतिविधियों, उनके मूवमेंट, झुंड की संख्या और निवास क्षेत्रों का विस्तृत रिकॉर्ड तैयार करेंगी।

मूल्य नियंत्रण

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने आज सचिवालय में प्रदेश में खाद्यान्न व दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुओं को लेकर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने आयुक्त खाद्य बी. एल. राणा से प्रदेश में दैनिक आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता और कीमतों की जानकारी ली। मुख्य सचिव ने आमजन की रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की उचित दरों पर निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित विभागों को नियमित निगरानी करने को कहा। उन्होंने कहा कि बाजार में खाद्य सामग्री, डीजल–पेट्रोल, एलपीजी व अन्य आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं की उपलब्धता और मूल्य स्थिति पर सतत् निगरानी रखी जाए, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मुख्य सचिव ने आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी, जमाखोरी व कृत्रिम अभाव उत्पन्न करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने को कहा।

खाद्य परीक्षण

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने प्रदेश की दूसरी खाद्य परीक्षण लैब को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर 07 जून को अनिवार्य रूप से लोकार्पित करने के निर्देश दिए है। आज मुख्य सचिव सचिवालय में सुरक्षित भोजन व स्वस्थ आहार पर गठित राज्य स्तरीय सलाहकार समिति की 6वीं बैठक की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने खाद्य पदार्थों की जांच बढ़ाए जाने के लिए राज्य सेक्टर के बजट में प्राविधान किए जाने की बात कही। कहा कि केन्द्र सरकार से मिलने वाले बजट के लिए एक कॉर्पस भी बनाया जाए, ताकि खाद्य पद्धार्थों की नियमित जांच की जा सके। उन्होंने मिलावटखोरी में संलिप्त व्यक्तियों पर कठोर कार्रवाई किए जाने के भी निर्देश दिए।

जोड़ मेला

चम्पावत जिले के गुरुद्वारा रीठा साहिब में सालाना जोड़ मेला आज से शुरू हो गया है। 31 मई तक आयोजित होने वाले मेले का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी डॉ जीएस खाती ने किया। मेले का मुख्य पर्व कल बैसाख पूर्णिमा को होगा। पहले दिन देश–विदेश के हजारों यात्रियों ने गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका और गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ने बताया कि जिला प्रशासन श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रख रहा है, जिसके तहत अस्थाई पार्किंग, स्नान के लिए नदी तट पर कच्चे पुल का निर्माण, लंगर व विश्राम स्थलों की सुचारु व्यवस्था की गई है।

मौसम की करवट

चमोली जिले में मौसम ने अचानक करवट ली है। बारिश के चलते गर्मी और जंगलों में लगी आग से राहत मिली है। कल देर शाम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हुई मूसलाधार बारिश के चलते तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। बारिश के कारण जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली, वहीं लंबे समय से धधक रहे जंगलों की आग पर भी काफी हद तक काबू पाया गया है। जिले के गोपेश्वर, जोशीमठ, कर्णप्रयाग, गैरसैंण तथा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अच्छी बारिश हुई। बारिश के बाद वातावरण में ठंडक घुल गई और पहाड़ों पर छाए धुएं से भी लोगों को निजात मिली। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार वर्षा से वनाग्नि की घटनाओं में कमी आई है तथा कई स्थानों पर आग स्वतः बुझ गई है।